## महिला का मंगलसूत्र चुराने वाली आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर( निसं )।** रक्षाबंधन के मौके पर सिंधी कैंप बस स्टैंड पर यात्रियों की भारी भीड़ का फायदा उठाकर महिला का सोने का मंगलसूत्र चोरी करने वाली आरोपी महिला को सिंधी कैंप थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किया गया सोने का मंगलसूत्र भी बरामद कर लिया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि सिंधी कैंप थाना पुलिस ने रक्षाबंधन के मौके पर सिंधी कैंप बस स्टैंड पर यात्रियों की भारी भीड़ का फायदा उठाकर महिला का सोने का मंगलसूत्र चोरी करने वाली आरोपी महिला भतेरी (55) निवासी पचेरी कलां जिला झुंझुनूं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किया गया सोने का मंगलसूत्र बरामद कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पूछताछ में अन्य चोरी की वारदातों का खुलासा होने की संभावना है। इस कार्रवाई करने वाली टीम में सिंधी कैंप थानाधिकारी वंदना नरूला, एएसआई प्रहलाद सिंह, कांस्टेबल सतवीर, श्रवण कुमार, भागीरथ तथा महिला कांस्टेबल सुनीता और सरिता शामिल रहे। पुलिस के अनुसार कांस्टेबल सतवीर की कार्रवाई में विशेष और सराहनीय भूमिका रही। सिंधी कैंप थानाधिकारी वंदना नरूला ने बताया कि ललिता मेहरा सिंधी कैंप बस स्टैंड पर यात्रा के लिए पहुंची थीं।

# जीएसटी विभाग ने करीब 1.40 करोड़ रूपए की टैक्स अनियमितताओं पर कार्रवाई की

## जीएसटी विभाग की बड़ी कार्रवाई, चार प्रतिष्ठानों में सामने आई कर अनियमितताएं

- **राज्य में जीएसटी नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने व गलत तरीके से लिए गए इनपुट टैक्स क्रेडिट पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा सर्वे व निरीक्षण की कार्रवाई लगातार तेज की जा रही है**

**जयपुर,( निसं )।** राज्य में जीएसटी नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने तथा कर अपवंचन एवं गलत तरीके से लिए गए इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा सर्वे एवं निरीक्षण की कार्रवाई लगातार तेज की जा रही है। इसी क्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा जयपुर, बाड़मेर एवं किशनगढ़ में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर की गई कार्रवाई में जीएसटी से संबंधित महत्वपूर्ण अनियमितताएं सामने आई हैं। संबंधित करदाताओं द्वारा कार्रवाई के दौरान 1.16 करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वेच्छा से जमा एवं रिवर्स की गई है।

**महारानी ट्रैवल्स में 96.93 लाख रुपए की आईटीसी अनियमितता:** जयपुर के जनता कॉलोनी स्थित महारानी ट्रैवल्स पर 20 अगस्त को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लेखा पुस्तकों, रिटर्न एवं अभिलेखों की जांच में 96,93,048 रुपए के इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित अनियमितता सामने आई। विभाग द्वारा प्रकरण के प्रावधानों एवं परिणामों से अवगत कराए जाने के बाद करदाता ने उक्त राशि का रिवर्सल करते हुए 96,93,048 रुपए की राशि 26 अगस्त को स्वैच्छिक रूप से जमा की।

**लूदार कंस्ट्रक्शन कंपनी से 2.55 लाख रूपए की स्वैच्छिक जमा:** बाड़मेर स्थित लूदार कंस्ट्रक्शन कंपनी के व्यावसायिक परिसर में 24 अगस्त को निरीक्षण एवं सर्च की कार्रवाई में फर्म द्वारा ऐसे करदाता से इनपुट टैक्स क्रेडिट लिए जाने की जानकारी सामने आई, जिसका पंजीयन प्रारंभ से ही रद्द था तथा जिसे गैर-मौजूद करदाता के रूप में चिन्हित किया गया था। विभागीय अधिकारियों द्वारा विसंगतियों से अवगत कराए जाने के बाद करदाता ने 2,55,405 रुपए की राशि 26 अगस्त को स्वैच्छिक रूप से जमा की। कार्रवाई के दौरान कोई माल अथवा दस्तावेज जब्त नहीं किए गए। प्रकरण में आगे की जांच जारी है।


**हाशमी ओवरसीज एलएलपी में 21.98 लाख रूपए की संभावित राजस्व देनदारी:** जयपुर के औद्योगिक क्षेत्र कानोता स्थित हाशमी ओवरसीज एलएलपी पर 20 अगस्त को निरीक्षण एवं सर्च की कार्रवाई के आधार पर फर्म द्वारा माल परिवहन के लिए ट्रकों की आपूर्ति, संबंधित सेवाओं को छूट प्राप्त कारोबार के रूप में दर्शाने तथा परिसर किराये पर देने से संबंधित लेन-देन की जांच की गई। जांच में ट्रकों से संबंधित आईटीसी को अन्य सेवा से प्राप्त आउटपुट टैक्स के समायोजन में उपयोग किए जाने तथा निर्माण संबंधी खर्चों पर अवरुद्ध आईटीसी के संभावित उपयोग से संबंधित विसंगतियां भी सामने आई। प्रकरण में 21,98,505 रुपए की संभावित राजस्व देनदारी, जिसमें 13,49,910 रुपए कर तथा 8,48,595 रुपए ब्याज शामिल है, चिन्हित की गई। कार्रवाई के दौरान करदाता ने 6,44,308 रुपए की राशि 21 अगस्त को स्वैच्छिक रूप से जमा की। कोई माल अथवा दस्तावेज जब्त नहीं किया गया। शेष रिकॉर्ड की जांच एवं अतिरिक्त कर एवं ब्याज अथवा अपात्र आईटीसी की संभावना के संबंध में जांच जारी है।

**श्री यमुना महारानी ग्रेनाइट्स में 19.08 लाख रूपए की विसंगति:** किशनगढ़ के ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित श्री यमुना महारानी ग्रेनाइट्स का 27 अगस्त को सर्वे किया गया। फर्म के आईटीसी के बीच अंतर की जांच में वित्तीय वर्ष 2024-25 में करीब 3 लाख रुपए तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में करीब 16.08 लाख, कुल 19.08 लाख रूपए की संभावित विसंगति सामने आई। विभागीय कार्रवाई के बाद करदाता द्वारा 11.25 लाख रूपए की राशि स्वैच्छिक रूप से जमा की गई। इसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 1.49 लाख रूपए तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए क्रमशः 5 लाख एवं 4.75 लाख रूपए की राशि शामिल है।

**विभाग की कार्रवाई लगातार जारी:** वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा रिटर्न विश्लेषण एवं फील्ड इंटेलिजेंस के आधार पर संदिग्ध लेन-देन एवं आईटीसी के मामलों की लगातार जांच की जा रही है। विभाग का उद्देश्य वास्तविक कर देनदारी सुनिश्चित करने के साथ-साथ गलत तरीके से आईटीसी लेने, कर दायित्व छिपाने तथा जीएसटी प्रावधानों के उल्लंघन पर प्रभावी कार्रवाई करना है। अधिकारियों द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जांच में सामने आने वाली प्रत्येक अनियमितता के अनुसार नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सार-समाचार

### जयपुर में पहली बार वीएलएनटी सर्जरी, 15 साल बाद मरीज को मिली राहत



**जयपुर( निसं )।** नागौर निवासी 61 वर्षीय मरीज को 15 साल से पैर में बनी गंभीर सूजन से राहत मिली है। एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल जयपुर में चिकित्सकों ने जयपुर में पहली बार वैस्कुलराइज्ड लिम्फ नोड ट्रांसफर (वीएलएनटी) माइक्रोसर्जरी की। सर्जरी के बाद मरीज के प्रभावित पैर की सूजन में करीब 80 फीसदी कमी आई है। करीब तीन घंटे चली सर्जरी में मरीज के दाएं कंधे से स्वस्थ लिम्फ नोड टिश्यू निकालकर प्रभावित पैर की पिंडली में प्रत्यारोपित किया गया। माइक्रोसर्जिकल तकनीक से छोटी रक्त वाहिकाओं को जोड़कर रक्त प्रवाह और लिम्फेटिक ड्रेनेज को बेहतर किया गया। सर्जरी के बाद मरीज को तीसरे दिन अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. सौरभ गर्ग और डॉ. मनीष जैन की अगुवाई में सर्जरी हुई। डॉ. नरेश सोमानी ने बताया कि वीएलएनटी और एलवीए जैसी आधुनिक तकनीकों से लंबे समय से लिम्फेडेमा से पीड़ित मरीजों की जीवन गुणवत्ता में सुधार संभव है। मरीज ने बताया कि वर्षों से दर्द और सूजन के कारण दैनिक गतिविधियां प्रभावित थीं, लेकिन सर्जरी के बाद उसे सामान्य जीवन की उम्मीद जगी है।

### ठाकुरजी की कलाई पर सजी भक्ति की राखी

**जयपुर( निसं )।** छोटीकाशी के मंदिरों में श्रावण शुक्ल पूर्णिमा पर रक्षाबंधन उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। गोविंद देवजी, राधा दामोदर जी, गोपीनाथ जी, मदन गोपाल जी, सरस निकुंज, मोतीडूंगरी गणेश जी, लाड़लीजी, बृज निधि जी, ब्रज लाल बिहारी जी, मुरली मनोहर जी सहित अन्य मंदिरों में ठाकुर का पंचामृत अभिषेक वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। पूर्णिमा पर नई पोशाक धारण कराकर अलंकार धारण कराए गए। ठाकुर को कलाबूत की सुनहरी राखी, पवित्रा राखी, कच्चे सूत की राखी, रेशमी राखी, सफेद राखी और फूलों की राखी सहित विभिन्न प्रकार की राखियां धारण कराई। भक्तों की ओर से भेंट की गई राखियां भी ठाकुर को अर्पित की गईं। इसके साथ ही ठाकुर श्रीजी के दरबार को रंग-बिरंगी राखियों से आकर्षक रूप से सजाया गया। रक्षाबंधन पर ठाकुर श्रीजी को चौगुनी लड्डू, कचौरी और मीठी मठरी का भोग अर्पित किया गया।

### जरूरतमंद बच्चे की शिक्षा का जिम्मा, समाजसेवा की मिसाल



**जयपुर( निसं )।** ब्राइट बिगिनिंग्स न्यू डॉन वेलफेयर फाउंडेशन की पहल पर जरूरतमंद बच्चे के भविष्य को नई राह मिली। फाउंडेशन की ओमैक्स सिटी शाखा प्रभारी अंबिका सोनी ने न्यू ब्रिलियंट अकादमी स्कूल के निदेशक ईश्वर शर्मा से संपर्क कर बच्चे की शिक्षा का प्रायोजन करवाया। ईश्वर शर्मा ने बच्चे की शिक्षा की जिम्मेदारी लेते हुए उसे बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद दी। फाउंडेशन की संस्थापक एवं निदेशक ज्योति महाजन ने इस पहल को शिक्षा के माध्यम से भविष्य निर्माण की दिशा में प्रेरणादायी कदम बताया।

### सामान्य वर्ग की सीटों पर सामान्य वर्ग के प्रत्याशियों को प्राथमिकता देने की मांग

**जयपुर( निसं )।** विप्र फाउंडेशन ने भाजपा एवं कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व से निकाय चुनावों में सामान्य वर्ग के लिए निर्धारित सीटों पर पार्टी की घोषित नीति के अनुसार सामान्य वर्ग के योग्य, कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने की मांग की है। विप्र फाउंडेशन ने कहा कि भाजपा एवं कांग्रेस द्वारा सामान्य वर्ग की सीटों पर सामान्य वर्ग के प्रत्याशियों को प्राथमिकता देने के स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं, लेकिन विभिन्न क्षेत्रों से मिल रही सूचनाओं के अनुसार कुछ स्थानों पर इन दिशा-निर्देशों की अनदेखी कर अन्य वर्ग के प्रत्याशियों के नामों की सिफारिश की जा रही है। इससे सामान्य वर्ग के कार्यकर्ताओं और समाज में निराशा एवं आक्रोश की स्थिति है। फाउंडेशन ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से पार्टी की घोषित नीति का प्रदेशभर में कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि वर्षों से पार्टी के लिए समर्पित सामान्य वर्ग के कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान हो सके। विप्र फाउंडेशन ने इस मांग से कांग्रेस नेतृत्व के साथ भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व , राजस्थान के प्रभारी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, संगठन महामंत्री सहित सामान्य वर्ग से जुड़े,मंत्री, सांसद, विधायक तथा अन्य जिम्मेदार पदाधिकारियों को भी अवगत करवाया है।

### गुप्त वृंदावन धाम में जन्माष्टमी महोत्सवों का आगाज

**जयपुर( निसं )।** जगतपुरा स्थित गुप्त वृंदावन धाम में शुक्रवार को श्री बलराम पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इसके साथ ही धाम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सवों की शुरुआत हो गई। बलराम पूर्णिमा के अवसर पर भगवान को 56 भोग की विशेष झांकी सजाई गई। संकीर्तन, पालकी उत्सव, महाअभिषेक और महाआरती के आयोजन हुए तथा श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। इससे पूर्व चल रही कृष्ण कथा का भी समापन हुआ। महोत्सव के दौरान धाम परिसर भक्ति संगीत और संकीर्तन से गूंजता रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान बलराम के दर्शन किए और विशेष पूजा-अर्चना में भाग लिया। वहीं धाम में शनिवार से तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्निवल शुरू होगा, जो 29 से 31 अगस्त तक चलेगा। आयोजन का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को भारतीय संस्कृति एवं सनातन मूल्यों से जोड़ना है।

## रक्षाबंधन पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धा, मोती डूंगरी गणेशजी को चांदी की राखी अर्पित

- **राधा लिखी राखी से सजा गोविंद देव जी का दरबारः मोतियों के बंगले में दिए मनोहारी दर्शन**

**जयपुर( निसं )।** श्रावण शुक्ल पूर्णिमा पर शुक्रवार को रक्षाबंधन का पर्व जयपुर के मंदिरों में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शहरवासियों ने प्रथम पूज्य भगवान गणेश और आराध्य देव गोविंददेवजी के मंदिर पहुंचकर रक्षा सूत्र और राखियां अर्पित कीं। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, शृंगार और भोग के आयोजन हुए। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में पहुंचती रही।

शहर के आराध्य देव ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देवजी महाराज में रक्षाबंधन पर ठाकुर श्रीजी और राधारानी को विशेष राखियां अर्पित की गईं। शृंगार झांकी में सबसे पहले फूल और मोतियों से तैयार राखी अर्पित की गई। इसके बाद रत्न जड़ित सुनहरी कलाबूत की राखी धारण कराई गई। ठाकुरजी को रक्षाबंधन के अवसर पर विशेष सुनहरी पारचे की पोशाक पहनाई गई। मंदिर के संपूर्ण दरबार को भी आकर्षक राखियों से सजाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने साथ राखियां और रक्षा सूत्र लेकर मंदिर पहुंचे। भक्तों ने भगवान को राखी अर्पित करने के लिए मंदिर परिसर में लगी रेलिंग पर ही रक्षा सूत्र बांधे। पूर्व राजपरिवार की ओर से भी ठाकुरजी के लिए राखी और प्रसाद भेजकर रक्षाबंधन की परंपरा का निर्वहन किया गया।

गोविंददेवजी मंदिर में ठाकुरजी को दूर्वा, फूल और रेशम से तैयार विशेष राखियां भी अर्पित की गईं। इनमें 'राधा' लिखी राखी विशेष आकर्षण रही। मोगरे की कलियों से बनी राखी, रेशम की डोर में सुपारी के साथ तैयार कलाबूत की राखी और दूर्वा से बनी राखी क्रमवार ठाकुरजी को धारण कराई गई। राधारानी सहित उनकी सखियों और महाप्रभुजी शालिग्रामजी के विग्रहों को भी राखियां अर्पित की गई।

## 166 स्थानीय निकायों में सड़कों का पैच रिपेयर कार्य पूर्ण

**जयपुर, ( निसं )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सड़क तंत्र के सुदृढ़ीकरण पर विशेष फोकस किया जा रहा है, ताकि आमजन को सुरक्षित, सुगम और निर्बाध आवागमन उपलब्ध हो सके। इसी क्रम में राज्य के 309 स्थानीय निकायों में से 166 निकायों में स्वीकृत पैच रिपेयर कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 143 निकायों में कार्य प्रगति पर हैं। लक्ष्य के अनुसार इन कार्यों में 53.7 प्रतिशत पूर्ण किए जा चुके हैं। वहीं, शेष कार्यों को 5 सितंबर तक पूर्ण करने की संभावना है। मुख्यमंत्री द्वारा मानसून में सड़कों की स्थिति को लेकर समीक्षा के बाद अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर गड्ढों की त्वरित मरम्मत के लिए निर्देशित किया गया था।

जिसके बाद चलाए गए पैच रिपेयर अभियान में कोटा जोन ने शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करते हुए स्वीकृत समस्त 28 स्थानीय निकायों में कार्य पूर्ण कर लिये हैं। इसी प्रकार बीकानेर में 37 में से 35 तथा जयपुर-द्वितीय में 47 में से 43 स्थानीय निकायों में कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं।

## सीकर में एस.बी. मित्तल मेमोरियल अस्पताल आरजीएचएस से निलंबित

- **आरजीएचएस में अनियमितता के प्रकरण में कार्रवाई, कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई**
- **चिकित्सक की सेवाएं समाप्त होने के बाद उनके नाम से 315 उपचार विवरण प्रस्तुत किए जाने का मामला**

**जयपुर, ( निसं )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पारदर्शी एवं जवाबदेह शासन के संकल्प तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों के अनुरूप राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) में दावों की नियमित निगरानी और दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। इसी क्रम में सीकर स्थित एस.बी. मित्तल मेमोरियल हार्ट एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल को आरजीएचएस से निलंबित किया गया है। प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने बताया कि आरजीएचएस में दावों की जांच और दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया लगातार सुदृढ़ की जा रही है। आरजीएचएस परियोजना अधिकारी डॉ. निधि पटेल की टीम की निगरानी के दौरान संबंधित प्रकरण में कुछ दावे प्रथमदृष्टया संदिग्ध पाए गए। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई।

**अस्पताल छोड़ चुके चिकित्सक के नाम से उपचार विवरण प्रस्तुत किए गए:** प्रारंभिक जांच में सामने आया कि अस्पताल में कार्यरत रहीं डॉ. अलका आर्य, बीडीएस (पंजीयन संख्या 12152) ने 20 अप्रैल 2026 को अस्पताल से त्यागपत्र दे दिया था और जून 2026 से अन्य संस्था में चिकित्सा सलाहकार के रूप में कार्यरत थीं। इसके बावजूद 17 जून, 21 जून तथा इसके बाद की तिथियों में अस्पताल के रिकार्ड में उन्हें उपचाररत चिकित्सक के रूप में दिखाते हुए हुए उपचार विवरण प्रस्तुत किए गए। इस संबंध में रिकार्ड और दावों का विस्तृत सत्यापन किया जा रहा है।

जांच में पाया गया कि उनके नाम से 227 बाहरी रोगी तथा 88 भर्ती रोगी एवं डे-केयर उपचार विवरण प्रस्तुत किए गए। इन 88 मामलों की दावा राशि 99,327 रुपये है। सभी 315 उपचार विवरणों की कुल दावा राशि 1,42,489 रुपये दर्ज है। इनमें से 47 भर्ती रोगी एवं डे-केयर उपचार विवरण, जिनकी दावा राशि 43,007 रुपये थी, जाँच में निरस्त किए जा चुके हैं। शेष 41 भर्ती रोगी एवं डे-केयर उपचार विवरणों की दावा राशि 56,320 रुपये है। इनसे संबंधित तथ्यों का जांच के तहत परीक्षण किया जा रहा है। आरजीएचएस प्रशासन ने अस्पताल को कारण बताओ नोटिस जारी कर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया। निर्धारित अवधि में नोटिस का जवाब नहीं देने पर एस.बी. मित्तल मेमोरियल हार्ट एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल, सीकर को आरजीएचएस से निलंबित किया गया। प्रकरण की विस्तृत जांच जारी है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने कहा कि आरजीएचएस के अंतर्गत लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के साथ योजना की राशि का पारदर्शी, उचित और निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप उपयोग सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है।

## शाकिर हत्याकांड: जंगल में छिपे दो मुख्य आरोपी को पुलिस ने घेरकर दबोचा

**जयपुर( निसं )।** विद्याधर नगर थाना पुलिस ने शाकिर देशवाली हत्याकांड में फरार चल रहे दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या के बाद फरार हुए रफीक शाह उर्फ बकरी चोर और मोहम्मद हारून उर्फ भूरिया को पापड़ हनुमानजी मंदिर के पीछे जंगल से पकड़ा। पुलिस टीम ने रात में जंगल को घेरकर सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस को देखकर भागने के दौरान दोनों आरोपी गहरी खाई में गिरकर घायल हो गए।

पुलिस ने दोनों को कांवटिया अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों की मौका परेड भी करवाई। इस दौरान दोनों आरोपी लंगड़ाकर चलते नजर आए। थानाधिकारी सज्जन सिंह ने बताया कि कय्यूम का कुछ दिन पहले पानी की टंकी, शास्त्री नगर में रफीक उर्फ बकरी चोर से कहासुनी को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद को सुलझाने के लिए 24 अगस्त को कय्यूम को समझौते के बहाने बुलाया गया था।



**विद्याधर नगर थाना पुलिस ने शाकिर देशवाली हत्याकांड में फरार चल रहे दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया।**

मौके पर रफीक के साले ने कय्यूम से गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर कय्यूम ने अपने भाई शाकिर को मौके पर बुला लिया। शाकिर के पहुंचते ही रफीक उर्फ बकरी चोर ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। वहीं मोहम्मद हारून ने कय्यूम पर भी चाकू से वार कर उसे घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल शाकिर को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस हत्याकांड की जांच में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद ली।

## धारदार चाकू के साथ बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर( निसं )।** पत्रकार कॉलोनी थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सचिवालय विहार निवासी मनीष मालवत (26) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि क्षेत्र में एक संदिग्ध युवक अवैध हथियार लेकर घूम रहा है और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर आरोपी को मदाऊ के पास धर दबोचा।

तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने हथियार को जब्त कर आरोपी को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से यह पता लगाने में जुटी है कि वह चाकू किस मकसद से लेकर घूम रहा था। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक रिकॉर्ड खंगालने में जुटी हुई है।

## जैन समाज ने साधु-संतों की रक्षा का संकल्प लिया

**जयपुर( निसं )।** जैन समाज ने शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व साधु-संतों, जिनवाणी और जैन धर्म की रक्षा के संकल्प दिवस के रूप में श्रद्धा और धार्मिक आस्था के साथ मनाया। शहर के जैन मंदिरों और चातुर्मास स्थलों पर दिनभर विशेष धार्मिक आयोजन हुए। श्रद्धालुओं ने महामुनि विष्णु कुमार की अष्टद्रव्य से पूजा-अर्चना की। आचार्यों, मुनिराजों और आर्यिका माताजी की पिच्छिका पर रक्षा सूत्र बांधकर साधु-संतों, जिनवाणी और जैन धर्म की रक्षा का संकल्प लिया।

रक्षाबंधन पर सुबह से ही जैन मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। मंदिरों में अभिषेक, शांतिधारा, पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक आयोजन हुए। चातुर्मास स्थलों पर भी श्रावकों ने संतों के दर्शन कर धर्मलाभ लिया और रक्षा सूत्र बांधकर धर्म एवं साधु-संतों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस दौरान मंदिर परिसर भगवान के जयकारों और धार्मिक मंत्रोच्चार से गूंजते रहे।

**श्रेयांसनाथ का मोक्ष कल्याणक भी मनाया:** रक्षाबंधन को जैन धर्म के 11वें तीर्थंकर भगवान श्रेयांसनाथ का मोक्ष कल्याणक भी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न जैन मंदिरों में प्रातः अभिषेक और शांतिधारा के बाद भगवान श्रेयांसनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। निर्वाणोत्सव के दौरान मंत्रोच्चार और भगवान के जयकारों के बीच निर्वाण लाडू अर्पित किया गया। मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान के चरणों में पूजा-अर्चना कर मोक्ष मार्ग पर आगे बढ़ने, संयम और अहिंसा के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान जैन मंदिरों में धार्मिक वातावरण बना रहा।

# जयपुर सेंट्रल जेल में सलाखों के उस पार भाइयों की कलाई पर सजी राखी

- **छलक पड़े बहनों के आंसू, जयपुर सेंट्रल जेल में रक्षाबंधन पर खास मुलाकात**
- **बहनों ने जल्द रिहाई की प्रार्थना कर अपराध से दूर रहने का लिया वचन**

**जयपुर( निसं )।** प्रदेशभर में शुक्रवार को भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन धूमधाम से मनाया गया। जयपुर सेंट्रल जेल में भी इस पर्व का भावुक रंग देखने को मिला। सुबह से ही बड़ी संख्या में बहनें जेल में बंद अपने भाइयों को राखी बांधने पहुंचीं। सलाखों के पीछे भाइयों की कलाई पर राखी बांधते समय कई बहनों की आंखें नम हो गईं। किसी ने भाई को मिठाई खिलाई तो किसी ने कुछ पल बात कर अपना मन हल्का किया।

जेल प्रशासन ने रक्षाबंधन पर बंदियों और उनके परिजनों की मुलाकात के लिए विशेष व्यवस्था की थी। बहनों को सुरक्षा जांच के बाद जेल के मेन गेट के पास निर्धारित स्थान पर भाइयों से मिलवाया गया। महज दो मिनट की मुलाकात में बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, मिठाई खिलाई और जल्द रिहाई की प्रार्थना की।



**जयपुर सेंट्रल जेल में तीन स्तरीय सुरक्षा के बीच हुई मुलाकात।**

**तीन स्तरीय सुरक्षा के बाद मिला प्रवेश:** जेल अधीक्षक डॉ. अभिषेक शर्मा ने बताया कि रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेह से जुड़ा भावनात्मक पर्व है। बंदियों की बहनें अपने भाइयों को राखी बांध सकें, इसके लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिलाओं को तीन स्तरीय जांच के बाद जेल परिसर में प्रवेश दिया गया। बाहर आरएसी स्टाफ ने सुरक्षा जांच की। इसके बाद अंदर भी दो चरणों में जांच कर महिलाओं को राखी बांधने के लिए भेजा गया। बहनें भाइयों के लिए मिठाई लेकर पहुंचीं, जिसकी भी जांच की गई। जेल परिसर के भीतर निर्धारित मात्रा में एक किलो तक मिठाई ले जाने की अनुमति दी गई।

**दो मिनट में बांधा प्रेम का धागा:** राखी बांधने वाले बंदियों को पहले ही मेन गेट के पास बुला लिया गया था, ताकि बहनों को ज्यादा इंतजार न करना पड़े। सलाखों के दोनों ओर सुरक्षा के लिए प्रहरी तैनात रहे।

निर्धारित दो मिनट की मुलाकात में बहनों ने भाइयों को राखी बांधी और मिठाई खिलाई। भाई-बहनों ने एक-दूसरे का हालचाल पूछा और कुछ पल बातचीत की। समय पूरा होते ही बहनों को लौटना पड़ा। कई बहनें मुस्कुराते हुए जेल पहुंची थीं, लेकिन भाई की कलाई पर राखी बांधकर लौटते समय उनकी आंखों में आंसू थे।

**'आगे कोई गलती मत करना':** कई बहनों ने राखी बांधते समय भाइयों से कहा कि वे पुराने अपराधों को पीछे छोड़कर आगे सही रास्ते पर चलें। बहनों ने जल्द रिहाई की प्रार्थना करते हुए भाइयों से परिवार के साथ सम्मानपूर्वक जीवन बिताने और दोबारा किसी गलत गतिविधि में शामिल नहीं होने का वादा लिया। वहीं, भाइयों ने भी बहनों को भरोसा दिलाया कि वे भविष्य में गलत गतिविधियों से दूर रहकर बेहतर जीवन जीने का प्रयास करेंगे।

## प्रदेश में नशा, हथियार, साइबर ठगी और जाली नोटों पर पुलिस का शिकंजा

- **पुलिस ने शुक्रवार को नागौर, टोंक, कोटपूतली-बहरोड़ और दौसा में राजस्थान पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की**

**जयपुर( निसं )।** प्रदेश में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने शुक्रवार को नागौर, टोंक, कोटपूतली-बहरोड़ और दौसा में राजस्थान पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। जहां पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी, संगठित साइबर ठगी, जाली नोटों की सप्लाई और ब्लाइंड मर्डर के मामलों में सफलता हासिल करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**टोंक में दो करोड़ की साइबर ठगी का नेटवर्क ध्वस्त:** टोंक में डीएसटी और दत्तवास थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर 11 अंतरराज्यीय साइबर ठगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरोह फर्जी सिम, बैंक खातों और सोशल मीडिया प्रोफाइल के जरिए ठगी करता था। प्रारंभिक जांच में करीब 2 करोड़ रुपए की साइबर ठगी का पता चला है। जांच में साइबर अपराध के लिए 399 सिम कार्ड के इस्तेमाल और एनसीआरपी पोर्टल पर आरोपियों के खिलाफ 81 शिकायतें दर्ज होने की जानकारी सामने आई। पुलिस ने 37,210 रुपए की ठगी की राशि, दो बोलेरो, एक स्विफ्ट कार, 12 मोबाइल, आईफोन-17 प्रो, सैमसंग अल्ट्रा सहित अन्य एंड्रॉयड फोन, लैपटॉप और चार एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। **दौसा में ब्लाइंड मर्डर का खुलासा:** दौसा के मण्डावर थाना क्षेत्र में 15 अगस्त को खेडली कला के जंगल में मिले राहुल उर्फ भानू मीना के शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। मामले में 15 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने सुरेश उर्फ सुर्रा मीना (56) और शेरसिंह उर्फ शेरू मीना (19), निवासी खोखर, थाना खेड़ली, जिला अलवर को गिरफ्तार किया है। सुरेश उर्फ सुर्रा थाना खेड़ली का हिस्ट्रीशीटर बताया गया है। अज्ञात आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम ने करीब 800 किलोमीटर का सफर तय किया और तकनीकी संसाधनों व साइबर विश्लेषण की मदद ली। जांच में सामने आया कि हत्या के बाद पुलिस को गुमराह करने और साक्ष्य छिपाने के लिए शव को मुख्य घटनास्थल से करीब तीन किलोमीटर दूर बाजरे के खेत में डाल दिया गया था। शव को इस तरह रखा गया कि हत्या का शक मृतक से पूर्व में विवाद करने वाले व्यक्ति और उसके परिवार पर जाए। मामले में एक महिला के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की गई है। पुलिस अब चारों मामलों में नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों, वारदात के कारणों और अन्य संदिग्धों की भूमिका की जांच कर रही है।